**लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश**
**गौतम नगर, भोपाल - 462023**
**दूरभाष: 0755-2583650 फैक्स: 0755-2583651**

क्रमांक/असेसमेंट/जे.डी./पी.ए./2020/ ०८

भोपाल, दिनांक: १8/06/२०२०

**प्रति,**

**जिला शिक्षा अधिकारी,**
**समस्त ज़िले (म.प्र.)**

**विषय: स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के विभिन्न पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण तथा संबंधित आवश्यक जानकारियाँ एवं शर्तें।**

1. मध्यप्रदेश के शासकीय हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विद्यार्थियों के मूल्यांकन (असेसमेंट) में सुधार तथा इस हेतु विभाग की संस्थागत क्षमता के विकास के लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा राज्य स्तर पर राज्य मूल्यांकन प्रकोष्ठ (स्टेट असेसमेंट सेल) स्थापित किया जाना है।
2. इस प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य, राज्य तथा जिला स्तर के शैक्षिक अमले में मूल्यांकन की आधुनिकतम तकनीकों का ज्ञान विकसित करना, उच्च-गुणवता वाले 'डायग्नोस्टिक असेसमेंट' और 'वैल्यूज, एटीट्यूड्स एंड बिहेवियर असेसमेंट' का आयोजन करना, परिष्कृत डाटा विश्लेषण और परिणामों को हितधारकों तक प्रसारित करना है। इससे राज्य में शिक्षण, पाठ्यक्रम, शैक्षणिक सामग्री, प्रशिक्षण, आदि संबंधी आवश्यकताओं को चिन्हांकित करके उनपर कार्यवाही करना संभव हो सकेगा।
3. स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल हेतु निम्नलिखित के चयन की प्रक्रिया की जानी है:
   (1) असिस्टेंट प्रोग्राम मैनेजर, स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल: पद संख्या - 1
   (2) सब्जेक्ट एक्सपर्ट, स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल: पद संख्या - 12
   (3) असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट, स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल: पद संख्या - 58
4. अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रियां अंतर्गत लिखित परीक्षा और साक्षात्कार देने होंगे।

Scanned with CamScanner

5. इन पदों के संबंध में जानकारियाँ एवं आवश्यक शर्तें परिशिष्ट 1 से 3 पर संलग्न हैं। इच्छुक अभ्यर्थी इन्हें लोक शिक्षण संचालनालय की वेबसाइट https://www.vimarsh.mp.gov.in/ पर भी देख सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र दिनांक 27 जून, 2020 तक ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र (एप्लीकेशन फॉर्म) विमर्श पोर्टल पर लिंक https://www.vimarsh.mp.gov.in/ पर उपलब्ध है।

अतः तत्काल समस्त शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल, डाइट तथा जिला शिक्षा केंद्र को यह पत्र और इसके संलंग्न 3 परिशिष्ट प्राप्त कराते हुए उनके सूचना पटल पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्न – उपरोक्तानुसार परिशिष्ट 1 से 3**

12/6/20
(जयश्री कियावत)
**आयुक्त**
**लोक शिक्षण संचालनालय**

पृ. क्रमांक/असेसमेंट/जे.डी./पी.ए./2020/06 भोपाल, दिनांक: 18/06/2020

1. प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग।
2. संभागीय आयुक्त, समस्त संभाग, म.प्र.।
3. कलेक्टर, समस्त ज़िले, म.प्र.।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त ज़िले, म.प्र.।
5. संयुक्त संचालक, समस्त संभाग (म.प्र.) की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि अपने कार्यालय के सूचना पटल पर इस पत्र और इसके परिशिष्ट प्रदर्शित करें ।
6. प्राचार्य, समस्त हाई स्कूल/ हायर सेकेंडरी स्कूल, समस्त ज़िले, म.प्र. की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि अपने कार्यालय के सूचना पटल पर इस पत्र और इसके परिशिष्ट प्रदर्शित करें।

**आयुक्त** 18/6/20
**लोक शिक्षण संचालनालय**

Scanned with CamScanner

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल0—462023
दूरभाष: 0755—2583650 फैक्स: 0755—2383651

# विज्ञप्ति

**विषयः— असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट के पद हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रण।**

मध्यप्रदेश के शासकीय हाईस्कूल तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विद्यार्थियों के मूल्यांकन (असेसमेंट) में सुधार तथा विभाग की संस्थागत क्षमता के विकास के लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा राज्य स्तर पर राज्य मूल्यांकन प्रकोष्ठ (स्टेट असेसमेंट सेल) स्थापित किया जाना है इस प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य, राज्य तथा जिला स्तर के शैक्षणिक अमले में मूल्यांकन की आधुनिकतम तकनीकों का ज्ञान विकसित करना, उच्च गुणवत्ता वाले "डायग्नोस्टिक असेसमेंट" और "वेल्यूज एटीट्यूडस एण्ड बिहेवियर असेसमेंट" का आयोजन करना, परिष्कृत डाटा विश्लेषण और परिणामों को प्रसारित करना है।

- **असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट —58 पद**
- **विषय— हिंदी,(6) अंग्रेजी(6), गणित(5), भौतिक विज्ञान(5), रसायन विज्ञान (5), प्राणी विज्ञान(3),, वनस्पति विज्ञान(3), राजनीति विज्ञान(5), अर्थशास्त्र(5), भूगोल(5), इतिहास(5), वाणिज्य (5),**
- **योग्यता — स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत व्याख्याता/ उच्च माध्यमिक शिक्षक/ प्राचार्य हाईस्कूल**
- **आयु— 31 मई 2020 को 58 वर्ष से अधिक न हो।**
- वर्तमान पदस्थापना स्थल पर ही कार्य करेंगें समय समय पर राज्य स्तर पर आयोजित प्रशिक्षणों में भाग लेना होगा तथा जिला स्तर पर आयोजित गतिविधियों को संपादित करना होगा।

इन पदों के संबंध में जानकारियाँ एवं आवश्यक शर्ते परिशिष्ट पर संलग्न है। इच्छुक अभ्यार्थी इन्हें लोक शिक्षण संचालनालय की वेबसाइट https://www.vimarsh.mp.gov.in/ पर भी देख सकते है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र दिनांक 27 जून 2020 तक ऑनलाईन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र (एप्लीकेशन फार्म) विमर्श पोर्टल लिंक https://www.vimarsh.mp.gov.in/ पर उपलब्ध है।

संलग्न— उपरोक्तानुसार परिशिष्ट

17/6/20
(जयश्री कियावत)
आयुक्त
लोक शिक्षण संचालनालय

Scanned with CamScanner

# लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश

क्रमांक/असेसमेंट/जे.डी./पी.ए./2020/05 भोपाल, दिनांक:

## असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट (स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल) का कार्य करने हेतु आवेदन करने संबंधी जानकारियाँ एवं आवश्यक शर्ते

1. मध्यप्रदेश के शासकीय हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विद्यार्थियों के मूल्यांकन (असेसमेंट) में सुधार तथा इस हेतु विभाग की संस्थागत क्षमता के विकास के लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा राज्य स्तर पर राज्य मूल्यांकन प्रकोष्ठ (स्टेट असेसमेंट सेल) स्थापित किया जाना है।

   1.1 इस प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य, राज्य तथा जिला स्तर के शैक्षिक अमले में मूल्यांकन की आधुनिकतम तकनीकों का ज्ञान विकसित करना, उच्च-गुणवत्ता वाले 'डायग्नोस्टिक असेसमेंट' और 'वैल्यूज, एटीट्यूड्स एंड बिहेवियर असेसमेंट' का आयोजन करना, परिष्कृत डाटा विश्लेषण और परिणामों को हितधारकों तक प्रसारित करना है। इससे राज्य में शिक्षण, पाठ्यक्रम, शैक्षणिक सामग्री, प्रशिक्षण, आदि संबंधी आवश्यकताओं को चिन्हांकित करके उन पर कार्यवाही करना संभव हो सकेगा।

   1.2 असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट (स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल) के कार्य को करने हेतु निम्नानुसार आवश्यक योग्यताओं को पूर्ण करने वाले उम्मीदवार लोक शिक्षण संचालनालय की वेबसाइट https://www.vimarsh.mp.gov.in/ पर दिनांक 27 जून, 2020 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

2. **पद: असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट (स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल)**

   2.1 **पदों की संख्या:**

   निम्नलिखित विषयों में से प्रत्येक के लिए असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट का चयन नीचे दी गयी संख्या अनुसार किया जाएगा:



Scanned with CamScanner

| स.क्र. | विषय | असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट: संख्या |
|---|---|---|
| 1 | हिंदी | 6 |
| 2 | अंग्रेज़ी | 6 |
| 3 | गणित | 5 |
| 4 | फिजिक्स | 5 |
| 5 | केमिस्ट्री | 5 |
| 6 | बायोलॉजी (जूलॉजी) | 3 |
| 7 | बायोलॉजी (बॉटनी) | 3 |
| 8 | राजनीति शास्त्र | 5 |
| 9 | अर्थशास्त्र | 5 |
| 10 | भूगोल | 5 |
| 11 | इतिहास | 5 |
| 12 | कॉमर्स | 5 |
| | **कुल** | **58** |

**2.2 असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट हेतु आवेदन के लिए पात्रता :**

(1) असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट (स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल) के लिए आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का मूल पद स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश में कार्यरत व्याख्याता या उच्च माध्यमिक शिक्षक अथवा प्राचार्य, हाई स्कूल होना आवाश्यक होगा।

(2) अभ्यर्थी उसी विषय के लिए आवेदन कर सकेंगे जिसके लिए वे शासकीय सेवा में नियुक्त हैं।

(3) आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की आयु 31 मई 2020 को 58 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**2.3 चयन उपरांत कार्य स्थल:**

(1) असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट को स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल में पदस्थापना नहीं दी जायेगी। असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट की वर्तमान पदस्थापना (पोस्टिंग) और जॉब चार्ट अपरिवर्तित रहेंगे। वे अपनी वर्तमान पोस्टिंग के स्कूल/ मुख्यालय पर ही रहते हुए अपना कार्य पूर्ववत करते रहेंगे।

(2) असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट को आवश्यकता अनुसार समय-समय पर कुछ दिनों के लिए प्रशिक्षण अथवा अन्य गतिविधियों हेतु राज्य स्तर (भोपाल)



Scanned with CamScanner

अथवा जिला स्तर पर आमंत्रित किया जायेगा। गतिविधि पूर्ण होने पर वे वापस अपने स्कूल/ मुख्यालय चले जायेंगे।

(3) असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट को आवश्यकतानुसार मूल्यांकन कार्य हेतु क्षेत्र भ्रमण भी करना पड़ सकता है।

(4) असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट के कार्य हेतु पृथक से कोई मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**2.4 असेसमेंट डिजाईन एक्सपर्ट की असेसमेंट कार्य में भूमिका:**

(1) प्रत्येक क्षमता-निर्माण कार्यशाला/ प्रशिक्षण में भाग लेना।

(2) प्रत्येक क्षमता-निर्माण कार्यशाला के बाद दिए गए कार्य वापस अपने मुख्यालय पहुँच कर पूर्ण करना।

(3) मूल्यांकन के लिए आवश्यक सुधारों के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए प्रश्न पत्रों का निरंतर विश्लेषण करना।

(4) विषयों हेतु विभिन्न विशेषताओं पर आधारित प्रश्न बनाना, समीक्षा करना और सुझाव देना।

(5) अभ्यास प्रश्नों की समीक्षा करना और असेसमेंट टूल्स बनाना।

(6) निर्मित प्रश्नों का विद्यालय में परीक्षण करना, विद्यार्थी साक्षात्कार करना।

(7) डाटा का शोध हेतु उपयोग एवं शिक्षण और अधिगम की गहन समझ हासिल करने हेतु प्रश्न बनाना।

(8) मूल्यांकन और अन्य संबंधित गतिविधियों के लिए शिक्षक प्रशिक्षक के रूप में कार्य करना।

(9) दिए गए ऑनलाइन मॉड्यूल/ असाइनमेंट को समय-सीमा में पूरा करना।

(10) समय-समय पर राज्य स्तर से सौंपे गए कार्यों को करना।

2.5 इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को अपने ज़िले के मुख्यालय पर आयोजित लिखित परीक्षा देनी होगी, जिससे संबंधित जानकारी और शर्तें निम्नानुसार है:

| सेक्शन | कौशल | अंक | मूल्यांकन विधि |
|---|---|---|---|
| (1) | उम्मीदवार की हिंदी भाषा में लिखने और पढ़ने की दक्षता के परीक्षण हेतु बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। | 10 | लिखित परीक्षा |
| (2) | उम्मीदवार की अंग्रेजी भाषा में लिखने और पढ़ने के कामकाजी ज्ञान की दक्षता के परीक्षण हेतु बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जायेंगे। | 10 | लिखित परीक्षा |
| (3) | क. कंप्यूटर के उपयोग के कामकाजी ज्ञान - एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल और एमएस पावर-पॉइंट के ज्ञान के परीक्षण हेतु बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। | 10 | लिखित परीक्षा |



Scanned with CamScanner

| सेक्शन | कौशल | अंक | मूल्यांकन विधि |
|---|---|---|---|
| | ख. इंटरनेट, ईमेल, वेब-सर्च और Whatsapp के उपयोग संबंधी कामकाजी ज्ञान के परीक्षण हेतु बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। | | |
| (4) | मूल्यांकन संबंधी आइटम निर्माण, मूल्यांकन का क्रियान्वयन और मूल्यांकन परिणामों के विश्लेषण जैसे विषयों पर बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। | 10 | लिखित परीक्षा |
| (5) | जिस विषय के लिए उम्मीदवार ने विषय विशेषज्ञ के पद के लिए आवेदन किया है, उस विषय पर बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। | 120 | लिखित परीक्षा |
| (6) | जनरल एपटीट्यूड टेस्ट - रीजनिंग (लॉजिकल, एनालिटिकल और क्रिटिकल), क्वांटिटेटिव क्षमता, डेटा विश्लेषण पर बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। | 40 | लिखित परीक्षा |
| | **कुल अंक** | 200 | |

2.6 उपरोक्त बिंदु कंडिका 2.5 के सेक्शन (1) से (6) में से प्रत्येक सेक्शन में उम्मीदवार को पृथक-पृथक न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा में प्रत्येक सेक्शन में 50% या अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों में से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की साक्षात्कार हेतु पात्रता सूची तैयार की जायेगी।

2.7 साक्षात्कार हेतु जारी पात्रता सूची में शामिल उम्मीदवारों को भोपाल में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार पर 25 अंक निर्धारित रहेंगे।

2.8 पूर्व में म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मंडल/ लोक शिक्षण संचालनालय हेतु पेपर सेटर के रूप में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को साक्षात्कार में प्राथमिकता दी जायेगी।

2.9 लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के अंकों के योग में सर्वाधिक अंक पाने वाले उम्मीदवारों को पद हेतु चयनित किया जायेगा।

2.10 आवेदन पत्र (एप्लीकेशन फॉर्म) विमर्श पोर्टल पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है: https://www.vimarsh.mp.gov.in/



Scanned with CamScanner

## 2.11 महत्वपूर्ण तिथियाँ

(1) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि: 27/06/2020

(2) ज़िला मुख्यालय पर लिखित परीक्षा की तिथि पृथक से सूचित की जायेगी।



Scanned with CamScanner